# संवाद पत्र

पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन

अंक : 48 वर्ष : एकादश त्रैमासिक अक्टूबर, 2018


## स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2018

इस वर्ष पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन, मुख्यालय परिसर में 72वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री एन.के.प्रसाद, महाप्रबंधक/पू.सी.रेल/निर्माण ने राष्ट्रीय झंडा का ध्वजारोहन किया एवं उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस शुभ अवसर पर उन्होंने इस देश के उन सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इनके अथक संघर्ष एवं आत्म बलिदान के फलस्वरूप भारत को विदेशी शासन से स्वतंत्रता मिली और हमारा देश एक स्वतंत्र, प्रभुसत्ता संपन्न प्रजातंत्र के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने गर्व महसूस करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल संपर्क को विकसित करने में केंद्र सरकार प्राथमिकता दे रही है। इस क्षेत्र के लिए पर्याप्त निधि प्रदान की गई है। निर्माण संगठन बंगाल, बिहार एवं सिक्किम के कुछ हिस्सों के साथ देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों में रेल नेटवर्क के विकास के उद्धेश्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हो रहा है। वर्ष 1979 में निर्माण संगठन के अस्तित्व में आने के पश्चात 912.48 कि.मी नई रेल लाइनें, 2948.78 कि. मी. आमान परिवर्तन, 486.66 कि.मी. दोहरीकरण तथा ब्रह्मपुत्र नद पर 2 बड़े मेगा पुलों का जोकि एक जोगीघोपा में नरनारायण सेतु रेल-सह-पुल और दूसरा तेजपुर में कोलियाभोमोरा सड़क पुल का निर्माण करना संभव हो पाया है। इस समारोह के दौरान उन्होंने स्वतंत्रता दिवस,2018 के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए निर्माण संगठन के विभिन्न विभागों को पुरस्कार प्रदान किया। अंत में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



## भूटान की शाही सरकार के माननीय प्रधानमंत्री के साथ महाप्रबंधक/निर्माण की बैठक



भूटान की शाही सरकार के माननीय प्रधानमंत्री श्री शेरिंग तोबगे के साथ श्री नीलेश किशोर प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण ने दिनांक 17-07-2018 को थिम्फू में एक बैठक आयोजित की।

## माननीय मुख्यमंत्री, अरूणाचल प्रदेश के साथ केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री की बैठक



श्री पेमा खांडू, माननीय मुख्यमंत्री, अरूणाचल प्रदेश के साथ श्री राजेन गोहाईं, रेल राज्यमंत्री ने दिनांक 29.06.2018 को ईटानगर में एक बैठक आयोजित की और अरूणाचल प्रदेश में रेलवे द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया।


| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादक | सहयोग |
|---|---|---|---|
| श्री एन. के. प्रसाद | श्री बी.एन भास्कर | श्री रवि भूषण | गायत्री मिलि |
| महाप्रबंधक/निर्माण | मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | वरिष्ठ अनुवादक/नि. |

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गुवाहाटी (केंद्रीय कार्यालय-2) की बैठक



श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/नि. एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), (केंद्रीय कार्यालय-2) गुवाहाटी की अध्यक्षता में समिति की सातवीं छमाही बैठक 24 अगस्त, 2018 को पूर्वोत्तर सीमा रेल के अधिकारी क्लब, नामबारी, मालीगांव में आयोजित की गई। इस बैठक में नराकास-2 के अंतर्गत आने वाले गुवाहाटी शहर के कुल 55 सदस्य कार्यालय शामिल हुए।

श्री अजय कुमार, उपाध्यक्ष, नराकास एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी (नि.) ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक का शुभारंभ किया। श्री कुमार ने कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के उद्देश्य से अंग्रेजी-हिंदी पर्याय शब्दों को शामिल करते हुए एक "टेबल कैलेंडर" छपवाया गया है। इस बैठक में एक 'राजभाषा प्रदर्शनी' के माध्यम से विभागों में हो रहे हिंदी कामकाज को सांकेतिक तौर पर प्रदर्शित की गई है। श्री कुमार ने सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि हिंदी में अच्छा काम करने वाले विभागों से प्रेरणा लेकर अपने-अपने कार्यालयों में भी उसे कार्यान्वित करने का प्रयास करें।

श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि देश की अन्य भाषाओं के बदले हिंदी को राजभाषा बनाए जाने का मुख्य कारण यह है कि यह भारत में रहने वाले सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा के साथ-साथ देश की एकमात्र संपर्क भाषा भी है। सभी सरकारी कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाना हमारा संवैधानिक एवं नैतिक दायित्व है।

श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण ने आगे कहा कि सितंबर माह में 'हिंदी दिवस' के मौके पर हिंदी सप्ताह एवं हिंदी पखवाड़ा आदि का आयोजन सभी सदस्य कार्यालयों में हो और अधिक से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा की नीतियों से अवगत कराते हुए विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाए। पिछले 6 महीनों के दौरान पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन ने राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के उद्देश्यों से निम्न कार्य किए हैं जैसे 'राजभाषा कार्यालयीन संग्रह' एवं 'वॉल हैंगिंग कोटेशन' का प्रकाशन, गूगल वॉयस टाइपिंग कार्यशाला, राजभाषा प्रदर्शनी आयोजित करना एवं अंग्रेजी-हिंदी पर्याय शब्दों के "टेबल कैलेंडर" का प्रकाशन करवाया गया है। श्री प्रसाद ने सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे अपने स्तर पर भी इस तरह के प्रयास करते रहें।

श्री रवि भूषण, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी (नि.) ने सभी सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छमाही रिपोर्ट के आधार पर "पावर प्वाइंट" प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया। प्रतिवेदन के पश्चात कंप्यूटर पर गूगल वॉयस टाइपिंग के बारे में भी विस्तार से बताया गया।



श्री बदरी यादव, अनुसंधान अधिकारी (कार्यान्वयन) ने राजभाषा अधिनियम धारा 3 (3) एवं हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाने के बारे में विस्तार से बताया और सभी सदस्य कार्यालयों से इसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

इस बैठक में राजभाषा प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 15 सदस्य कार्यालयों ने प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में सराहनीय कार्य के लिए अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों से क्रमश: महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, मालीगांव को प्रथम, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, असम परिमंडल, गुवाहाटी को द्वितीय एवं कार्यपालक इंजीनियर, केंद्रीय भूमिजल बोर्ड (पूर्वोत्तर क्षेत्र) खंड-7, बेतकुची, गुवाहाटी को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा मनाया गया




"साफ-सफाई भक्ति है", इस मंत्र के साथ भारतीय रेलवे द्वारा सभी रेलवे कॉलोनियों, परिसर, स्टेशन परिसर एवं अन्य परिसर और रेलवे के अधिकार क्षेत्रों में सफाई के लिए एक सफाई अभियान कार्यक्रम दिनांक 15.09.18 से 02.10.18 तक चलाया गया। इस अवसर पर श्री नीलेश किशोर प्रसाद, महाप्रबंधक, निर्माण के नेतृत्व में पूर्वोत्तर सीमा रेलवे, निर्माण संगठन के मुख्य प्रशासनिक भवन में किए गए वर्तमान स्वच्छता अभियान के कार्यान्वयन के लिए "स्वच्छता सेवा" पखवाड़े अभियान के तहत "स्वच्छता ही सेवा" के एक हिस्से के रूप में एक जन "स्वच्छता प्रतिज्ञा" का आयोजन किया गया।

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



श्री एन.के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण की अध्यक्षता में पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन) की क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 30.07.2018 को आयोजित की गई।

श्री अजय कुमार, मुख्य इंजीनियर/नि.-2 एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने और राजभाषा के प्रति रूचि जागृत करने के के उद्देश्य से "वॉल हैंगिंग कोटेशन" और त्रैमासिक "संवाद-पत्र" का प्रकाशन किया गया।

श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक(निर्माण) महोदय ने कहा कि सभी अधिकारी राजभाषा अधिनियम धारा 3(3) एवं हिंदी में मूल पत्राचार को गंभीरता से लें और इसका अनुपालन करने के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए अपने -कार्य क्षेत्र का आकलन करें। सभी अधिकारी स्वयं भी हिंदी में काम करें और अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी को भी हिंदी में काम करने के निदेश दें ताकि संवैधानिक उत्तरदायित्वों का अनुपालन किया जा सके।

श्री प्रसाद ने कहा कि हिंदी को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रोत्साहन योजना के साथ साथ प्राप्त ज्ञान के समुचित उपयोग की भी आवश्यकता है और` सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया कि अपने-अपने विभागों में हिंदी के कामकाज को बढ़ाने का संकल्प लें और अपने स्तर पर नियमित रूप से इसकी मॉनीटरिंग करें। इस बैठक में महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय के कर-कमलों से "वॉल हैंगिंग कोटेशन" और त्रैमासिक "संवाद-पत्र" का विमोचन किया गया।

इस बैठक में निर्माण संगठन के अंतर्गत विभिन्न विभागों में हो रहे हिंदी कामकाज को दर्शाने के लिए सांकेतिक तौर पर कुल 4 विभागों के फाइलों को शामिल करते हुए "राजभाषा प्रदर्शनी" लगाई गई थी और महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने इसका जायजा लिया।

इस बैठक में महाप्रबंधक महोदय के कर-कमलों से हिंदी में सराहनीय कार्य करने के लिए श्री राजकपूर यादव, जूनियर क्लर्क को नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।



## क्षेत्रीय/अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिता-2018 का आयोजन



पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन) में दिनांक 10-07-2018 से 11-07-2018 तक क्षेत्रीय स्तर पर हिंदी निबंध, वाक् तथा टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मालीगांव मुख्यालय के अंतगर्त विभिन्न विभागों के कुल 32 कर्मचारियों ने उत्साहजनक रूप से भाग लिया।

## राजभाषा संपर्क अधिकारियों की बैठक



राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने एवं कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्माण संगठन के विभिन्न विभागों से राजभाषा संपर्क अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। श्री अजय कुमार, मुख्य इंजीनियर/नि.-2 एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. के अध्यक्षता में दिनांक 07-08-2018 एवं दिनांक 25-09-2018 को बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागों के नामित अधिकारी उपस्थित हुए। इस बैठक में धारा 3(3) और तिमाही रिपोर्ट पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया।

## सद्भावना दिवस का आयोजन



दिनांक 20.08.2018 को "सद्भावना दिवस" के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक/निर्माण ने राष्ट्रीय अखंडता एवं सांप्रदायिक सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उक्त समारोह में संगठन के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# पू.सी.रेल, निर्माण संगठन, मुख्यालय में राजभाषा सप्ताह समारोह-2018 का आयोजन





पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन, मालीगांव में "राजभाषा सप्ताह समारोह-2018" का शुभारंभ 14सितम्बर,2018 को हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर किया गया। श्री एस. एन. सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी-1/पू.सी.रेल/निर्माण ने दीप प्रज्वलित कर "हिंदी दिवस" का उद्घाटन किया तथा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी । श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है तथा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी प्रेरित करें, जिससे संवैधानिक दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित हो। दिनांक 14.09.2018 से 20.09.2018 तक आयोजित राजभाषा सप्ताह के दौरान कई हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित कि गई जैसे-अधिकारियों के बीच हिंदी प्रश्नोत्तरी तथा गूगल वायस टाइपिंग प्रतियोगिता, रेल कर्मचारियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी वाक् प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता तथा ग्रुप 'डी' कर्मचारियों के लिए हिंदी भाषा ज्ञान प्रतियोगिता। समारोह के समापन के अवसर पर श्री एस.एन.सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी-1 एवं श्री ए.के.यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी-3 के कर-कमलों से हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्नि प्रतियोगिताओं एवं क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम का समापन श्री रवि भूषण, उप मुख्य बिजली इंजीनियर/नि एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ हुआ।

विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों के नाम :

### अधिकारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता"

**प्रथम**

1. **श्री मोहिन्द्र सिंह,** मुख्य इंजी/नि.-4
2. **श्री बी.एस.मीणा,** मुख्य इंजी/नि.-3
3. **श्री कुलेन्द्र तालुकदार,** उप मुख्य इंजी/नि.योजना-1

**द्वितीय**

1. **श्री चंद्रशेखर राव,** उपमु.सि.एवंदू.सं.इंजी./ नि./आईसीटी
2. **श्रीमती अनिंदिता सिंहा,** सहा.कांजी/नि.योजना-1
3. **श्री जयश्री मालाकार,** सहा.कांजी/नि.योजना-1

### अधिकारियों के लिए गूगल वाइस टाइपिंग प्रतियोगिता

**श्री आनंद प्रकाश,** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि-2 : प्रथम
**श्री अनिल कुमार,** मुख्य इंजीनियर/नि-5 : द्वितीय
**श्रीमती जयश्री मालाकार,** सहा.कांजी/नि/योजना-1 : तृतीय

### हिंदी निबंध प्रतियोगिता

**श्री हिमांशु कुमार गुप्ता,** वरिष्ठ अनुभाग इंजी/योजना-1 : प्रथम
**श्री रामकेश मीना,** वरिष्ठ अनुभाग इंजी/निविदा : द्वितीय
**श्री रत्ना रानी देव,** ट्रैकमैन : तृतीय

### हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता

**श्री रामकेश मीना,** वरिष्ठ अनुभाग इंजी/निविदा : प्रथम
**श्री हिमांशु कुमार गुप्ता,** वरिष्ठ अनुभाग इंजी/योजना-1 : द्वितीय
**श्री दिलीप कुमार पटेल,** वरिष्ठ अनुभाग इंजी/अभिकल्प : तृतीय

### हिंदी वाक् प्रतियोगिता

**श्री कुलदीप तिवारी,** वरिष्ठ अनुभाग इंजी/निविदा : प्रथम
**सुश्री रत्ना रानी देव,** ट्रैकमैन/योजना-1 : द्वितीय
**श्री के.राहुल कुमार,** खलासी/महाप्रबंधक(नि) सेल : तृतीय

### भाषा ज्ञान प्रतियोगिता ग्रुप 'डी' कर्मचारियों के लिए

**श्री कमल दहाल,** वरिष्ठ ट्रैकमैन /योजना-1 : प्रथम
**श्री लाल कुमार राय,** ट्रैकमैन/सर्वे : द्वितीय
**श्री अजय पासवान,** ट्रैकमैन /अभिकल्प : तृतीय

### हिंदी में सराहनीय कार्य करने के लिए पुरस्कार

**अधिकारी-**

1. **श्री बी.एस. मीणा,** मुख्य इंजी/नि-3 (हिंदी भाषी)
2. **श्री राजू दास,** उप मुख्य इंजी/नि/सा-2 (अहिंदी भाषी)

**कर्मचारी-**

1. **श्री भूपेन हजारिका,** वरिष्ठ अनुभाग इंजी/योजना
2. **श्री केशव चंद्र सरकार,** कार्यालय अधीक्षक/कार्मिक
3. **श्री रावड़ा राजू,** कार्यालय अधीक्षक/सिगनल एवं दूरसंचार
4. **श्रीमती मिलि चक्रवर्ती,** वरिष्ठ लिपिक/कार्मिक
5. **श्री रूपांजल शर्मा,** कनिष्ठ लिपिक/महाप्रबंधक(नि) सेल
6. **श्री विश्वजीत चौधुरी,** कार्यालय अधीक्षक/सिगनल एवं दूरसंचार